एक नजर

भू-माफिया के बाद अब दवा माफिया पर सरकार की नजर

भोपाल, (निप्र)। भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई सरकार अब दवा माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सरकार अब दवा माफियाओं के ठिकानों पर दबिश देने की तैयारी कर रही है। बताया जा रहा है कि दवा माफियाओं के खिलाफ नियमित अभियान चलाकर नकली और नशीली दवाओं का कारोबार पर लगाम लगाया जाएगा। वहीं, ऑपरेशन दवा माफिया के तहत दवा बनाने वाली कंपनियों की औचक जांच की जाएगी। दवाओं के सेंपल जांचने की भी सतत सीमा तय की जाएगी। ऑपरेशन दवा माफिया से सरकार की मंशा स्पष्ट है कि जो अब दवा के नाम पर अवैध कारोबार करने वालों पर लगाम लगाना चाहती है।

डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

भोपाल, (निप्र)। परवलिया सड़क इलाके में सोमवार देर रात सड़क किनारे खड़े एक डंपर के पिछले हिस्से में बाइक टकराने से चालक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह ढाबे से अपना काम खत्म करके बाइक से घर लौट रहा था। परवलिया पुलिस के मुताबिक थाना झिरनिया निवासी अल्लिक खान मुबारकपुर जोड़ स्थित एक ढाबे पर काम करता था। सोमवार की रात काम खत्म होने के बाद वह बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में मुबारिया जोड़ के पास सड़क किनारे खड़े डंपर से उसकी बाइक टकरा गई थी। जिसके अस्थिर गंभीर रूप से घायल हो गया था। घंटुलेख उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने डंपर जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुरानी पेंशन को लेकर आयकर अधिकारी-कर्मचारी की हड़ताल

भोपाल, (निप्र)। पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित दस सूत्रीय मांगो को लेकर आयकर अधिकारी कर्मचारी बुधवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहे। इसी को लेकर अधिकारी कर्मचारियों ने भोपाल के मैत्री मील स्थित आयकर भवन के मुख्य द्वार पर जमावड़ा नारेबाजी की। आयकर कर्मचारी महासंघ के मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ सर्कल अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया की लई पेंशन योजना वापस लिए जाने और सभी के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए। बीस एक्सीस सालों से काम करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाए। समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाए और सातवे वेतन मान की विसंगतियों को दूर किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से 56 जे के कानून को भी वापस लिए जाने की मांग की है। उनका कहना है की आज के दिन भोपाल सहित मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के सभी 59 सहायकों में आंदोलन किया गया। इसमे से दो चार ही कार्यालय में कलाम बन के अधिकारी बैठे रहे जबकि सभी कार्यालय में काम बंद रहा। इसके साथ ही उन्होंने जल्द मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी है।

डॉ गर्ग को मप्र लेखक मंच का राज्य स्तरीय सम्मान

विदिशा, (निप्र)। नगर के प्रख्यात व्यंग्यकार एवं चर्चित चिकित्सक डॉ सुरेश गर्ग को भोपाल के हिन्दी भवन में आयोजित मध्यप्रदेश लेखक संघ के वर्ष 2018 के राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें लाल श्रीफल प्रशस्ति पत्र और 5100 रुपए की धनराशि प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि डॉ सुरेश गर्ग चेतना उत्थान समिति, सार्वजनिक गोजनालय समिति, मारुति रेडक्रास और गांधी सुमिरन मंच के माध्यम से समाजसेवा भी करते आ रहे है। कथित नाम से उनके 5 व्यंग्य संग्रह प्रकाशित हो चुके है। उनकी इस उपलब्धि पर गणमान्य साहक ललित कपा व्यास के अलावा डॉ विजय बहादुर सिंह, प्रो अरविंद तिवेदी, प्रो केके पंगारी, डॉ रमेश शर्मा आदि ने बधाई एवं शुभकामनाऐं दी है।

मप्र विधानसभा का दो दिनी विशेष सत्र 16 से

आरक्षण विधेयक को दी जाएगी मंजूरी

भोपाल, (निप्र)। आरक्षण को 10 साल के लिए आगे बढ़ाने वाले विधेयक को मंजूरी देने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने 16 और 17 जनवरी को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है। विशेष सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय से विधायकों को सूचना भेज दी है। बता दें कमलनाथ सरकार ने 16 और 17 जनवरी को विधानसभा का विशेष सत्र का आह्वान किया है। विशेष सत्र के लिए सरकार ने विधानसभा के सभी सदस्यों को सूचना जारी कर दिया है। बताया जा रहा है कि विशेष सत्र में सरकार आरक्षण को 10 साल के लिए आगे बढ़ाने का प्रस्ताव पेश करेगी। इस पर पक्ष और विपक्ष की चर्चा के बाद प्रस्ताव को मंजूरी दी जा सकती है।

विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने कहा कि राज्य विधानसभाओं एवं लोकसभा में एससी एसटी आरक्षण को और 10 साल के लिए बढ़ाए जाने संबंधी विधेयक के अनुमोदन के लिए 16 एवं 17 जनवरी विशेष सत्र बुलाया किया गया है। संविधान (126वां) संशोधन विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा द्वारा क्रमशः 10 और 12 दिसम्बर को पारित कर दिया गया है। बाद में इसे अनुमोदन के लिए राज्यों को भेजा गया है। इसे लागू करने से पहले कम से कम 50 प्रतिशत विधानसभाओं की सहमति जरूरी होती है। ये विधेयक इसलिए जरूरी हो गया, क्योंकि आरक्षण की अवधि इस वर्ष 25 जनवरी को समाप्त हो रही है। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने कहा कि देश की 50 प्रतिशत विधानसभाओं द्वारा अनुमोदन मिलने के बाद इसे राष्ट्रपति को भेजा जाएगा और उनकी स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा।

मप्र में ये है आरक्षण का गणित-मध्य प्रदेश में लोकसभा की कुल 29 सीटें हैं। जिनमें से 4 एससी एवं 6 एसटी के लिए आरक्षित हैं। जबकि प्रदेश में विधानसभा की कुल 230 सीटों में से 35 सीटें एससी एवं 47 सीटें एसटी सदस्यों के लिए आरक्षित हैं।

कन्फेक्शनेरी क्लस्टर में अक्टूबर से शुरू हो उत्पादन-मुख्यमंत्री

कमलनाथ ने की इन्दौर में स्थापित कन्फेक्शनेरी क्लस्टर परियोजना की समीक्षा

भोपाल, (निप्र)। मुख्यमंत्री कमल नाथ ने निर्देश दिये हैं कि इन्दौर जिले के रंगवासा में स्थापित हो रहे कन्फेक्शनेरी क्लस्टर में स्थापित होने वाली ईकाइयों में अक्टूबर माह से उत्पादन शुरू हो जाए, यह सुनिश्चित करें। कमल नाथ मंत्रालय में उद्योग विभाग के अधिकारियों तथा इन्दौर कन्फेक्शनेरी एसोसिएशन के प्रतिनिधि-मंडल के साथ कन्फेक्शनेरी क्लस्टर परियोजना की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस क्लस्टर के कार्यशील होने पर 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि रोजगार आधारित परियोजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से किया जाना चाहिए। उन्होंने बैठक में कन्फेक्शनेरी क्लस्टर प्रोजेक्ट में हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। श्री कमल नाथ ने कहा कि क्लस्टर में अधोसंरचना संबंधी कार्य समय-सीमा में पूरे हों, जिससे अक्टूबर माह से स्थापित होने वाली ईकाईयों में उत्पादन प्रारंभ हो जाए। बता दें इन्दौर जिले के रंगवासा में स्थापित होने वाला कन्फेक्शनेरी क्लस्टर 65 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा। चालीस करोड़ लागत की इस परियोजना में 62 भूखंड हैं। क्लस्टर में सड़क, ग्रीन बेल्ट, 24 घंटे विद्युत सुविधा, पेयजल, एस.टी.पी. और ई.टी.पी. सुविधा, व्यवसायिक स्थान, आवासीय कार्यालय तथा प्रशासनिक भवन आदि सुविधाएँ विकसित की जाएंगी।

हरियाणा-राजस्थान में बने चक्रवात से कई हुई बारिश

भोपाल, (निप्र)। उत्तर भारत में सक्रीय हुए चक्रवात के चलते मध्य प्रदेश के मौसम में अचानक बदलाव आया है। प्रदेश के तापमान में लगातार गिरावट आने के बाद प्रदेश के कई इलाकों में बादल छा गए। जिससे न्यूनतम तापमान में तो बढ़ोतरी हुई है, लेकिन राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई इलाकों में बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। मंगलवार को मौसम विभाग द्वारा इस सक्रीय चक्रवात के असर से 24 घंटों के भीतर प्रदेश के कई इलाकों में हल्की और तेज बारिश की संभावना जताई थी। जिसके बाद बुधवार को सुबह से ही की इलाकों में बादल छा गए। वहीं, दोपहर तक भोपाल, रायसेन, रतलाम, विदीशा, सांची समेत कई अन्य इलाकों में बारिश होने लगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि, आज प्रदेश के और भी कई जिलों में बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक गुरुवार के बाद मौसम साफ होने के आसार है। हालांकि, इसके बाद तापमान में फिर से गिरावट आने लगेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी उदय सरवडे ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में सक्रिय है। उसके प्रभाव से पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। इस सिस्टम के कारण दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और हरियाणा पर प्रेरक चक्रवात बन गए हैं। इस वजह से हवा का रुख बदलकर दक्षिणी हो गया है। यही कारण है कि, हवा के साथ बढ़े पैमाने पर नमी आने से प्रदेश में अनेक स्थानों पर बादल छा गए हैं। इससे गरज-चमक के साथ बरसात की संभावनाएं बढ़ी हैं।

फसल खराब होने की आशंका

बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। चना और दलहन की फसलों के खराब होने की आशंका है। पूर्वी मध्य प्रदेश के रीवा, सागर, शडहोल संभाग में बारिश होने के आसार हैं, तो वहीं जबलपुर, शहडोल संभाग में ओलावृष्टि हो सकती है। वही मंगलवार को रतलाम जिले में बौछारे पड़ी है, पन्ना में देर रात से रुक रुक कर बारिश हो रही है, पवई में बारिश के साथ ओले गिरे हैं।



हड़ताल के कारण बैंक में सन्नाटा रहा।

भोपाल में भी दिखा ट्रेड यूनियन की हड़ताल असर

भोपाल, (निप्र)। देश की 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियन की देशव्यापी हड़ताल के आह्वान का असर राजधानी भोपाल में भी देखा जा रहा है। हड़ताल केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ की गई है। इसके समर्थन में सार्वजनिक बैंकों, बीएसएनएल, आयकर, डाक और बीमा के करीब 50 हजार कर्मचारी और कामगार सड़कों पर उतरे हैं। ये कर्मचारी निजीकरण और बैंकों के विलीनीकरण के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं। भोपाल में बुधवार को सुबह एमपी नगर से कर्मचारियों ने रैली निकाली। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हड़ताल का असर प्रदेश के कई शहरों में देखने को मिल रहा है। हड़ताल से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। भारत बंद से बैंकिंग, औद्योगिक के अलावा परिवहन और सेवा क्षेत्र के कामगारों के शामिल होने से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को छोड़कर बाकी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में कामकाज ठप रहा।

खाद्य योजना के हिस्से की राशि केन्द्र ने रोकी-तोमर

खाद्य मंत्री ने पेश किया वर्ष भर का लेखा-जोखा

भोपाल, (निप्र)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि जनवरी 2020 से प्रदेश में राशन उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये अंतर्राज्यीय पोर्टेबिलिटी व्यवस्था लागू की जा रही है। इस व्यवस्था में प्रदेश के उपभोक्ता देश के 11 राज्यों आन्ध्रप्रदेश, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना और त्रिपुरा में भी अपना राशन प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही, इन 11 राज्यों के उपभोक्ता मध्यप्रदेश में राशन ले सकेंगे। तोमर ने बताया कि इस योजना में उपभोक्ता राशन पूर्व निर्धारित मात्रा में पूर्व निर्धारित दर गेहूँ 2 रुपये, चावल 3 रुपये और मोटा अनाज एक रुपये प्रति किलोग्राम पर प्राप्त कर सकेंगे।

बुजुर्गों के घर तक सरकारी राशन पहुंचाने का ऐलान मध्य प्रदेश के खाद्य मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने किया है। केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने प्रदेश की खाद्य योजनाओं पर राशि आवंटन करने के तौर पर शटर लगा दिया है। भोपाल में पत्रकार वार्ता के दौरान खाद्य मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एक साल का लेखा-जोखा पेश किया। रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए उन्?होंने कहा कि अब बाकी सामानों की तरह ही केवल बुजुर्गों के लिए राहत देने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। अब बुजुर्गों के लिए सरकारी अनाज की होम डिलीवरी की जाएगी, लेकिन इसके लिए 80 साल की उम्र होना जरूरी है। इसके लिए खाद्य विभाग अब राशन कार्ड के जरिए ऐसे बुजुर्गों को चिन्हित कर रहा है, जो कि काफी उम्रदराज हैं और उनके घर में कोई वयस्क नहीं है। अब बुजुर्गों के लिए अनाज पहुंचाना सरकार और खाद्य विभाग की जिम्मेदारी होगी।

सख्ती से रोकी जाएगी कालाबाजारी-खाद्य मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का कहना है कि प्रदेश भर में राशन दुकानों पर खाद्य की कालाबाजारी रोकने के लिए सेल्समैन तैनात किए जा रहे हैं। जबकि हर राशन दुकान पर एक सेल्समैन तैनात होगा। इसके अलावा वेयरहाउस की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही। प्रदेश में आधे से ज्यादा वेयरहाउस में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं और बाकी को लेकर काम काफी तेजी से चल रहा है।

20 रुपए किलो दी जा रही राशन में शक्कर- खाद्य मंत्री ने बताया कि, प्रदेश में राशन की दुकानों पर शक्कर वितरण योजना 2019 से शुरू की गई। जिसमें 16 लाख 39 हजार 993 परिवारों को 20 रूपए किलो की दर से प्रति माह शक्कर वितरण किया गया।

वन्य प्राणी प्रबंधन और रोजगार सृजन में उपयोग हो कैम्पा निधि- कमल नाथ

कैम्पा निधि राज्य प्राधिकरण स्वशासी निकाय की बैठक

भोपाल, (निप्र)। मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा है कि कैम्पा निधि का उपयोग वन्य प्राणी क्षेत्र प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने और स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने में किया जावे। कमल नाथ ने मंत्रालय में कैम्पा की राज्य प्राधिकरण की शासी निकाय की बैठक में यह निर्देश दिये। वन मंत्री उमंग सिंघार बैठक में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि कैम्पा निधि के उपयोग के संबंध में नीतिगत प्राथमिकताएँ तय की जाएं। उन्होंने कहा कि जब वे वन एवं पर्यावरण मंत्री थे। तब इसकी शुरूआत हुई थी। उन्होंने कहा कि इसके जरिए वन्य प्राणी क्षेत्रों में व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के साथ वहाँ आस-पास रह रहे लोगों के लिए आजीविका के साधन उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जावे। मुख्यमंत्री ने कहा कि निधि का चिन्हित क्षेत्रों में उपयोग हो। जिससे स्थानीय लोगों की रोजगार क्षमता में वृद्धि हो सके और स्थायी संपत्ति का निर्माण हो। उन्होंने इसके लिये वार्षिक कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्य प्राणियों को प्रभावित किये बिना राष्ट्रीय उद्यानों की पर्यटक क्षमता का निर्धारण फिर से किया जावे।

टेक्नोलॉजी का दुरुपयोग कर इंजीनियर बना साइबर क्रिमिनल

भोपाल, (निप्र)। भोपाल समेत प्रदेश भर में साइबर अपराध के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है और मामले सामने आ रहे हैं। इसके चलते ही क्राइम ब्रांच की टीम ने सोशल मीडिया पर धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी शिकायत पीड़ित युवती द्वारा क्राइम ब्रांच सेल में दर्ज कराई गई थी। जानकारी के मुताबिक, यह राजधानी से सामने आया है। जिसके तहत आरोपी ने दिल्ली निवासी युवती को सोशल मीडिया फेसबुक पर रिक्वेस्ट भेजी थी और स्वयं को डॉक्टर बताया। वहीं दिल्ली, जयपुर तथा भोपाल के एप्स में नौकरी करना बताकर स्वयं को अविवाहित बताया था। जिसके बाद दोनों में दोस्ती बढ़ते ही आरोपी ने युवती को इमोशनल ब्लैकमेल कर दो सालों तक करीब 30 लाख रूपए की ठगी की। सामने आया है कि, युवती के परिवारजनों से बात करवाने की बात पर आरोपी स्वयं ही अपने मोबाइल पर वॉइस चेंजिंग एप के माध्यम से युवती से अपनी माँ, बहन, भाभी तथा स्वयं के पिताजी की आवाज में बात कर लेता था तथा युवती को यह भरोसा दिलाने में कामयाब हो गया था।

GORANI INDUSTRIES LIMITED
Regd.Office: Plot No.32-33, Sector-F, Sanwer Road, Industrial Area, Indore - 452 015 (M.P.) India
Phone: 0731-2723201-3
Fax No.: 0731-2723200
email: gorani.industries@yahoo.com
Website: www.goraniindustries.com
CIN: L28121MP1995PLC009170
GSTIN: 23AAACG6274B1ZZ

NOTICE

NOTICE is hereby given in pursuance to Regulation 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations,2015, that the meeting of the Board of Directors of the Company Gorani Industries Limited will be held on 7th Day, February,2020, to consider, inter alia, the Unaudited Quarterly Financial Results of the Company for the quarter ended on 31st December, 2019. A copy of the said notice and unaudited Quarterly financial results shall also be available on Company's website at www.goraniindustries.com and also on Stock exchange's website at www.bseindia.com.

For Gorani Industries Limited
Anil Gorani
(Holding DIN: 00005540)
(Whole-Time Director)
Place: Indore
Date: 08.01.2020

CHANGE IN NAME
I Radheshyam had changed my name to Radhesyam Kuiya and Now I would be known as Radhesyam Kuiya
Radhesyam Kuiya
Indore

उच्च शिक्षाविदों ने ग्राउण्ड तकनीक इम्प्रूवमेंट के सिखाए गुर

विदिशा, (निप्र)। एसएटीआई में सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ग्राउंड तकनीक इंप्रूवमेंट पर संस्था के स्मार्ट क्लास रूम में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के अंतिम दिन में विषय विशेषज्ञ के रूप में एमएएनआईटी भोपाल के प्राध्यापक डॉ. पीके जैन एवं एसएटीआई से डा. शुभा खत्री ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। सर्वप्रथम डॉ. राजीव जैन ने आए हुए विशेषज्ञों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा कार्यशाला समन्वयक ने आए हुए विशेषज्ञों के कार्यक्षेत्र के विषय में बताया।

भोपाल मैनिट के व्याख्याता डा. पीके जैन ने ग्राउंड इंप्रूवमेंट के बारे में छात्रों को काफी अच्छे गुर सिखाए। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य के पहले मृदा परीक्षण कैसे करें और कितने प्रकार के मृदा परीक्षण करें। एसएटीआई सिविल डिपार्टमेन्ट की व्याख्याता डा. शुभा खत्री ने बताया कि ग्राउंड इंप्रूवमेंट एक ऐसी तकनीक को संदर्भित करता है जो मृदा द्रव्यमान के इंजीनियरिंग गुणों को बेहतर बनाता है आमतौर पर, संशोधित किए गए गुण कतरनी ताकत , कठोरता और पारगम्यता हैं।

बेतवा मां को प्रदूषित नहीं होने देने की जवाबदारी प्रत्येक नागरिक की

बेउस द्वारा 18वे स्थापना दिवस पर भाषण प्रतियोगिता

विदिशा, (निप्र)। बेतवा उत्थान समिति के 18वे स्थापना दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित बेतवा संरक्षण एवं नागरिकों के दायित्वों विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियो ने अनेक उपयोगी सुझाव देते हुए कहा कि बेतवा मां को प्रदूषित नहीं होने देने की जवाबदारी नगर के प्रत्येक नागरिक की है। स्वच्छ जल प्राप्त होगा तभी हम स्वस्थ रहेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार लक्ष्मी बघेल, द्वितीय अंशिका, तृतीय विशाखा जाट एवं सांत्वना साक्षी चतुर्वेदी को प्राप्त हुआ। समिति द्वारा समस्त प्रतिभागियों को 11 जनवरी को पुरूस्कृत किया जाएगा। समिति के संस्थापक अध्यक्ष सुधा चौधरी को भी याद किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ सुरेश गर्ग ने कहा कि विद्यार्थियों के महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए है। उनका नजरिया देशभक्ति की तरफ है। पूर्व डीईओ एचएन नेमा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों व समाज में जागरूकता आएगी। प्राचार्य चारू सक्सेना ने स्वागत उदबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो केडी मिश्रा एवं आभार अशोक गोयल ने व्यक्त किया। निर्णायक की भूमिका का निर्वाहन प्रो वनिता वाजपेयी, दिनेश वाजपेयी एवं केएन शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सचिव केएन गुप्ता, अतुल शाह, सीएल गोयल, जीएस चैहान, नीलकंठ पंडित, सोहिल अहमद, प्रेम ठुकरेले, दीपक विष्वकर्मा, सोरभ पटवा, चंद्रमोहन अग्रवाल, उमेश ताम्रकार, मुकेश खरे, विजय श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, रवि शर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित थे।

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में दिए निर्देश

स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में संचालक लोक शिक्षण मध्यप्रदेश द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। ऐसे अभ्यर्थियों जो बीएड, डीएड योग्यता धारित करते हैं, ऐसे अभ्यर्थियों के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा.2020 का आयोजन प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा किया जा रहा है।

न्यायालय तहसीलदार (नगरीय) तहसील विदिशा मप्र

प्र.क्र.351/अ-6/2019-20 दिनांक 20/12/19

(इश्तहार)

पृथद द्वारा सूचना दी जाती है कि आवेदक श्रीमती शैतून बी पत्नी लालू खां निवासी बेरखेड़ी जैतू द्वारा आवेदन पेश किया जाकर निवेदन किया है कि कस्बा विदिशा पटवारी हल्का नं.60 तहसील व जिला विदिशा स्थित भूमि के अंश चार सड़कपट पर विक्रय पत्र क्र.1659 दिनांक 22/07/2008 के आधार पर नामान्तरण चाहा गया है। भूमि का विवरण इस प्रकार है- खसरा क्र. 1, सर्वे क्रमांक 2538/मिन1 रकबा 1.364है., नामांतरण बेउसपल 2236 वर्गफिट,वर्तमान भूमि स्वामी शीलू पत्नी मोकमसिंह दांगी आदि के संबंध में विक्रेता श्यामसुंदर पुत्र जगन्नाथ प्रसाद शर्मा एवं ऐसे सभी व्यक्तियों को जो उक्त खाते में हित रखते हो, वे या तो स्वयं अथवा अपने अधिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 15.01.2020 तक न्यायालय में उपस्थित हों और अपनी आपत्तियों/दावा को प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
तहसील विदिशा

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा मनोहर चावड़ा पिता श्री मूलचंदजी चावड़ा जाति माली निवासी नीगौंव बुजुर्ग धार से उनके मालको व कब्जे की ग्राम नीगौंव बुजुर्ग पहन 12/69 तहसील धार जिला धार में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 963/1/1 कुल अनुबंधित रकबा .152 हेक्टर की सर्वभार मुक्त क्रय करने का अनुबंध कर आंशिक धनराशि का भुगतान भी कर दिया है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, आदि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, बोझ, मेन्टेनेंस हक आदि या अन्य किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में प्रमाण के साथ मूझे लिखित आपत्ति करे। नियत अवधि उपरांत किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी। विदित हो।

पवन दुबे एडवोकेट
कार्यालय 29 कैलाश नगर कालोनी धार (मप्र)
मो.नं. 9111163684